प्रारंभिक संबोधन

सत्र – 208

25 नवम्बर, 2024

अवधेश नारायण सिंह
सभापति
बिहार विधान परिषद्

माननीय मुख्यमंत्री-सह-सदन नेता,
माननीय उप मुख्यमंत्री द्वय,
माननीय नेता, विरोधी दल,
माननीय उप सभापति,
माननीय सदन उप नेता द्वय,
माननीय मंत्रीगण,
माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल,
माननीय मुख्य सचेतक, विरोधी दल,
माननीय उप मुख्य सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,
माननीय सचेतक द्वय, सत्तारूढ़ दल,
विभिन्न दलों के माननीय नेतागण,
बिहार विधान परिषद् के सभी माननीय सदस्यगण,
प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण !

बिहार विधान परिषद् के 208वें सत्र में आप सबों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। मुझे विश्वास है कि इस सत्र में प्रस्तावित कुल 5 बैठकों में राज्यहित एवं विकास से जुड़े अधिक-से-अधिक विषयों पर सार्थक विमर्श होंगे। इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों से यह भी अपेक्षा है कि जनहित की समस्याओं के समाधान हेतु सदन की क्रियाशीलता में सहभागी बनें।

बिहार के सतत विकास हेतु केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमारजी इस हेतु विशेष प्रयासरत हैं। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा माननीय मुख्यमंत्रीजी की उपस्थिति में दरभंगा में एम्स का शिलान्यास किया जाना एवं अन्य विकासात्मक योजनाओं का श्रीगणेश किया जाना यह संकेत देता है कि प्रधानमंत्रीजी स्वयं मुख्यमंत्रीजी की भावना के अनुरूप बिहार के विकास में

दिलचस्पी ले रहे हैं। जमुई जिला के खैरा प्रखंड के बल्लोपुर में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयन्ती के अवसर पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस समारोह में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 6600 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का शुभारंभ एवं शिलान्यास किया गया है। इधर दरभंगा हवाई अड्डा पर नई सिविल एन्क्लेव निर्माण परियोजना की स्वीकृति से उत्तर बिहार के यात्रियों को अधिक सुविधा मिलेगी। इस हेतु मैं सदन की ओर से माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राजगीर स्थित बिहार राज्य खेल अकादमी एवं बिहार खेल विश्वविद्यालय-सह-राज्य खेल परिसर में आयोजित एशियन महिला हॉकी चैम्पियनशिप की शुरुआत किए जाने से बिहार में क्रीड़ा विकास के नए आयाम सृजित हुए हैं। इसमें भारत, मलेशिया, जापान, कोरिया, चीन और थाइलैंड की महिला हॉकी टीम ने भाग लिया और भारत की टीम इस प्रतियोगिता में चीन को हरा कर विजेता बनी। मैं सदन की ओर से भारतीय महिला हॉकी टीम की बेटियों को इस ऐतिहासिक जीत पर बधाई देता हूं और उन सभी प्रतिभागियों को बधाई देता हूं जिन्होंने इसमें भाग लेकर खेल भावना को बढ़ावा दिया है। बिहार के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विजेता भारतीय टीम के सभी सदस्य एवं मुख्य कोच को 10-10 लाख रुपए, टीम के सपोर्ट स्टाफ को 5-5 लाख रुपए और हॉकी इंडिया द्वारा टीम के सदस्य को 3-3 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा किया जाना अत्यंत उत्साहवर्द्धक कदम है।

सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु सदैव प्रयत्नशील रहती है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 2300 रुपया कर दिया गया है। साथ ही धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य बढ़ाकर 45 मीट्रिक टन किया गया है। गंगा, कोसी, गंडक, बागमती आदि नदियों में आई बाढ़ एवं उफान से किसानों को हुई क्षति के लिए भी सरकार द्वारा फसल क्षतिपूर्ति की गई है। 1 लाख 52 हजार किसानों को 101 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक खाते में स्थानान्तरित की गई है। 18 जिलों में आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 7 हजार रुपए प्रति परिवार की दर से राहत सहायता राशि प्रदान की गई है।

यह प्रसन्नता की बात है कि मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर हो गया है। मछली का उत्पादन 8 लाख 73 हजार मीट्रिक टन हो गया है।

पटना के गर्दनीबाग में निर्मित भव्य बापू टावर का माननीय मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण किया जाना एक महत्वपूर्ण संदेश देता है कि समाज हित में सरकार की नीतियां महात्मा गांधी के जीवन एवं दर्शन से प्रभावित एवं संचालित होती रहेंगी। बापू टावर गांधीजी को समर्पित देश में अपनी तरह का पहला टावर है, जो बिहार के स्थापत्य, कला और सांस्कृतिक परिदृश्य में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री महोदय को हार्दिक बधाई।

मुझे विश्वास है कि सदन के सफल संचालन में आप सभी माननीय सदस्यों का रचनात्मक सहयोग प्राप्त होगा और सभी विषयों पर सकारात्मक विमर्श से समाधान के रास्ते प्रशस्त होंगे।

सत्र के संचालन में पूर्व की भांति परिषद् सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मियों तथा लोकतंत्र के प्रहरी मीडिया के बंधुओं से भी अपेक्षित सहयोग की आशा करता हूं।

अंत में, पुन: आप सबों का हार्दिक स्वागत करता हूं।

अवधेश नारायण सिंह
25 नवम्बर, 2024